|| जय महेश ||

# अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

के अन्तर्गत

## स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समरसता समिति

| आशा माहेश्वरी<br>राष्ट्रीय अध्यक्ष | मंजू बांगड<br>राष्ट्रीय महामंत्री | कलावती जाजू<br>राष्ट्रीय समिति प्रमुख | शिखा भदादा<br>राष्ट्रीय प्रभारी |
|---|---|---|---|

## प्रेस नोट

## "आरोग्यम् स्वास्थ्य सप्ताह"

दिनांक 11 अप्रेल 2022– 16 अप्रेल 2022

अखिल भारतवर्षिय माहेश्वरी महिला संगठन के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समरसता समिति द्वारा " आरोग्यम् " – स्वास्थ्य सप्ताह का सम्पूर्ण भारतवर्ष के 26 प्रदेशों में दिनांक 11 अप्रेल से 16 अप्रेल 2022 तक सफलतम आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी माहेश्वरी व राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती मंजू जी बांगड़ के कुशल नेतृत्व में 26 प्रदेश के 155 शहरों में हुआ।

राष्ट्रीय समिति प्रभारी श्रीमती कलावती जी जाजू ने बताया कि यह जांच व परामर्श शिविर सकल समाज के समस्त आयु वर्ग हेतु आयोजित किया गया। इसके लिए Thyrocare Company से राष्ट्रीय स्तर पर tie up किया गया । श्रंखलाबद्ध संगठन के तहत राष्ट्रीय समिति प्रभारी व प्रकल्प प्रमुख श्रीमती शिखा भदादा ने आरोग्यम् की विस्तृत जानकारी देकर बताया की यह स्वास्थ्य सप्ताह " आरोग्यम् " तीन चरणों में आयोजित किया गया।

**प्रथम चरण** – " अपनी शारिरीक संरचना जाने" – जांच शिविर जिसमें 62 जाँचें मात्र 700/– रूपये में करी गई। जाँचे इस प्रकार रही– कोरोना महामारी के चलते यह आवश्यक हो गया है की हम सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग व सचेत रहे। इस हेतु अत्यन्त रियायती दर प्रति व्यक्ति 700/– रू. में 62 जांचे –

1. कम्पलीट हेमोग्राम, (24) लीवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल, लिपिड प्रोफाइल, इलेक्ट्रोलाइट (3), आयरन डेफिशियेंसी , (3) विटामिन बी–12, 25 OH विटामिन D टोटल, थायराइड की (3) जांचे, शुगर की (2) जांचे, HBA1C , HS-CRP ।

अपार हर्ष का विषय है कि सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह शिविर भारत के 155 शहरों गावों में आयोजित हुये व लगभग 15000 व्यक्ति लाभान्वित हुये। 35 मिनट का विडियो प्रेजेन्टेशन जिसमें कैंप आयोजन स्थल के फोटो और विडियो दिखये गये।

द्वितीय चरण – संबंधित विशेषज्ञ ( Orthopaedician, physician, gynaecologiest, dietician) द्वारा उक्त रिपोर्ट की जाँच व परामर्श दिया गया। इसके प्रयोजन हेतु उन शहरों में संबंधित अस्पतालों से टाई–अप किया गया। यह शिविर फिजिकल व जूम पर 14, 15, 16 अप्रेल को अपने शहरों पर किये गये। इस कड़ी में 17 अप्रेल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य परामर्श पैनल द्वारा जूम शिविर पर देश के नामी डॉक्टर्स द्वारा परामर्श दिया गया। सभी का परिचय एवं प्रश्नोत्तरी श्रीमती डॉ. सीमा मूंदड़ा, श्रीमती डॉ. पूर्णिमा सारड़ा, डॉ. इंदिरा मूदड़ा द्वारा ली गई। जिसमें डॉ. अशोक शारदा–आईएमए स्टेअ प्रेसिडेंट, डॉ. मीनाक्षी शारदा–विशेषज्ञ Geriatics, डॉ. अरूण परतानी अडिशनल

डायरेक्टर ऑर्थोपेडिक एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट, फोर्टिस हॉस्पिटल, जयपुर, डॉ. पी.के माहेश्वरी– फिजिशियन एंड कार्डियोलोजिस्ट मुंबई, डॉ. संगीता काबरा– सीनीयर कंसल्टेंट फीमेल डीसीस भीलवाड़ा, डॉ. नियति नायक–डायटीशियन कोकिलाबेन अम्बानी हॉस्पिटल मुंबई, द्वारा कई सवालों के जवाब व शंकाओं का समाधान किया गया। सभी डाक्टर्स की यही सलाह है कि प्रति छः माह शरीर की जांचे होना अतिआवश्यक है। सप्ताह में सुबह की सैर, योगा, प्राणायाम, व व्यायाम अत्यंत आवश्यक है।

तीसरा चरण – जेनेरिक दवाई विशेषज्ञ श्री पुरूषोत्तम जी सोमानी द्वारा उपरोक्त विशेषज्ञों द्वारा सुझाई प्रचलित दवाईयों का जेनेरिक विकल्प बताया गया जिसका की कार्ड समिति द्वारा पहले ही बनाकर प्रसारित कर दिया गया था। " जेनेरिक दवाई क्यों ली जाये" इा पर परिचर्चा की गई।समिति द्वारा आह्वान व निवेदन किया गया था, कि

अपने साथ–साथ आपने सहयोग कर्मी, हेल्पर, ड्राईवर आदि की जाँचें करवायें। एक सक्षम एक जरूरतमंद की सहायता करें।

कोरोना के बाद अतिआवश्यक हो गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने शरीर के प्रति सजग व सावचेत रहे। क्योंकि जिन हालात से हम सभी गुजरे है तो "स्वस्थ परिवार – स्वस्थ ससांर " का मंत्र हमे अपने जीवन में उतारना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी माहेश्वरी व राष्ट्रीय महामंत्री मंजू जी बांगड ने बताया कि जांचो के बाद शहरों में निःशुल्क परामर्श शिविर, अस्पताल से टाई–अप करके लगवाये गये।

जरूरतमंदो को भामाशाह के माध्यम से सप्लीमेंट दवाईया भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष श्रीमान ओम जी बिड़ला द्वारा आरोग्यम् की भारी प्रशंसा करते हुए श्रीमती आशा जी माहेश्वरी व श्रीमती शिखा भदादा को इस प्रकल्प को जारी रखने की सलाह दी।

सम्माननीय अतिथि श्री सुब्रत जी बिड़ला एडवोकेट सुप्रिम कोर्ट ऑफ इंडिया, अखिल भारतवर्षिय माहेश्वरी महासभा के अध्यक्ष श्रीमान श्याम जी सोनी युवा संगठन, रा. अध्यक्ष श्री राजकुमार जी काल्या, श्री राजेश कृष्ण जी बिडला उपसभापति पश्चिमांचल उपस्थित

होकर कार्यक्रम को चार चांद लगाया। सभी ने संगठन के कार्यों की व आरोग्यम् की प्रशंसा करी। इसे 155 शहरों में आयोजित करा, टीम वर्क का सटीक उदाहरण बताया। आमंत्रित अतिथियों ने अपना हाथ बढ़ाकर सहयोग की पेशकश करी।
आरोग्यम् प्रोजेक्ट को इन आंकडों से गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में आने के लिए संगठन द्वारा नाम दर्ज कराया गया। मुल्यांकन के बाद गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एशिया हेड डॉ. श्री मनीष जी विश्नाई की और से " आरोग्यम् 2022 " को वर्ल्ड रिकॉर्ड की घोषणा करी गई। कड़ी दर कड़ी जुडती गई व टॉप टू बॉटम कॉँरवा बन गया। श्रीमती अनिता जावंधिया अध्यक्ष पूर्वी मध्य प्रदेश द्वारा 25, नासिक जिला के येवला से सविता राठी द्वारा 40, शैला कलंत्री , राज हॉस्पिटल द्वारा 10 बहनों व अन्य ने 1, 2, 3, 4 बहनों की अपने स्तर पर जांचे कराई। विशेष धन्यवाद व आभार श्रीमती कलावती जी जाजू द्वारा समस्त उपस्थित आमंत्रित अतिथि , डॉक्टर्स, रा.का. मंत्री मधु बाहेती, प.उपा. ममता मोदानी, समिति आं. सह–प्रभारी डॉ. पुर्णिमा सारड़ा , पुष्पा राठी, डॉ. सीमा मूदड़ा, संतोष बाहेती,

शीतल सोनी, व डॉ. मोनीका मूंदड़ा, डॉ इंदिरा मूदड़ा, डॉ. अल्पना लड़े, बीना पेडिवाल, रंजना बिनानी ने अपने समिति प्रदेश संयोजिका, जिला सह–संयोजिका व स्थानीय समिति सदस्य की टीम ने मिलकर इसका राष्ट्र भर में आयोजन कर एक स्वर्णिम इतिहास रचा। भीलवाड़ा में प्रकल्प प्रभारी श्रीमती शिखा जी के साथ दिन–रात एक करती आशा मूंदड़ा, उर्मिला अजमेरा, नीलकमल अजमेरा, विडियो , फोटो व कार्ड मेकिंग टीम राजकुमारी लढ्ढ़ा, चेतना बसेर, विनिता नुवाल, मधु काबरा, रा. कम्प्यूटर समिति से उर्मिला कलंत्री व टीम , विशेष धन्यवाद भाग्यश्री जी चांडक जिन्होने आरोग्यम् का विवरण विडियो बनाया, थायरोकेयर व श्रंखलाबद्ध संगठन के समस्त पदाधिकारियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रकल्प प्रमुख व रा. प्रभारी
शिखा भदादा
स्वास्थ्य एवं पारिवारिक समरसता समिति